For e-Newsletter

“संविधान दिवस”

(दिनाँक 26 नवम्बर,2019)

आंतरिक सुरक्षा अकादमी, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, आबू पर्वत में दिनाँक 26 नवम्बर, 2019 को ‘संविधान दिवस’ मनाया गया। इस अवसर पर श्री के.एस.भंडारी, निदेशक/महानिरीक्षक, ने बताया कि भारत के संविधान निर्माता के रूप मे डॉ भीमराव अंबेडकर को जाना जाता है। उन्होने भारतीय संविधान के रूप मे दुनिया का सबसे बड़ा संविधान तैयार किया है। यह दुनिया के सभी संविधानों को परखने का बाद बनाया गया। इसे विश्व का सबसे बड़ा संविधान माना जाता है, जिसमें 448 अनुच्छेद 12 अनुसूचियाँ तथा 104 संशोधन सम्मिलित है। इसे तैयार करने में 2 साल 11 महीने 17 दिन का वक्त लगा था। 26 नवम्बर,1949 को भारतीय संविधान सभा की तरफ से इसे अपनाया गया और 26 जनवरी 1950 को इसे लोकतांत्रिक प्रणाली के साथ लागू किया गया। इसी कारण से हर साल 26 नवम्बर, को संविधान दिवस के रूप मे मनाया जाता है। इस मौके पर श्री राकेश सिंह चौहान, उप महानिरीक्षक (प्रशासन), श्री के. थोमस जोब, उप महानिरीक्षक (प्रशिक्षण), श्री के.के. पांडेय, कमांडेंट (प्रशिक्षण) तथा आई॰ एस॰ एस॰ एम॰ सी क्र॰ सं. 68 के प्रतिभागी अधिकारी एवं राजपत्रित अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी और जवान उपस्थित थे।

श्री के.एस. भंडारी, निदेशक/महानिरीक्षक, आंसुअ, केरिपुबल, आबू पर्वत, संविधान दिवस पर संबोधित करते हुए।

संविधान दिवस पर सरदार वल्लभभाई पटेल हॉल, आंसुअ में भारत के संविधान की प्रस्तावना का चित्र पट्टिका (Portrait) स्थापित किया गया।

श्री के.एस. भंडारी, निदेशक/महानिरीक्षक, आंसुअ, केरिपुबल, आबू पर्वत, ‘संविधान दिवस’ पर प्रस्तावना व शपथ के दौरान।